Series : S7PQR

SET~4

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **98/7**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

• • •

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

NOTE

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. [ ]

उद्यमिता (सैद्धान्तिक)

ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* — *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* — *Maximum Marks : **70***

• • •

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – **खण्ड क, ख, ग** तथा **घ**।*

(iii) ***खण्ड क :** प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(iv) ***खण्ड ख :** प्रश्न संख्या **19** से **24** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **30** से **40** शब्दों में लिखिए।*

(v) ***खण्ड ग :** प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **70** शब्दों में लिखिए।*

(vi) ***खण्ड घ :** प्रश्न संख्या **30** से **34** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखिए।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, **खण्ड ख, ग** तथा **घ** में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

खण्ड क

1. पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा व्यावसायिक सुअवसर का एक घटक है : *1*

(A) सुनिश्चित बाज़ार सीमा

(B) सृजनात्मकता और विचार

(C) उत्पाद और नवप्रवर्तन

(D) व्यवसाय परियोजना

2. वित्तीय योजना का वह घटक जो उद्यम की निधियाँ विभिन्न परिसंपत्तियों में कैसे निवेश की गई हैं ताकि उद्यम निवेश पर अधिकतम संभव आय प्राप्त करने में सक्षम हो, कहलाता है : *1*

(A) वित्तीयन निर्णय प्रारूप

(B) रोकड़ प्रवाह प्रारूप

(C) निवेश निर्णय प्रारूप

(D) आय विवरण प्रारूप

• • •

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **four** sections – **Section A, B, C** and **D**.*

(iii) ***Section A** : Questions number **1** to **18** are Multiple Choice Type Questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) ***Section B** : Questions number **19** to **24** are Short Answer type-I questions. Each question carries **2** marks. Write answer to each question in **30** to **40** words.*

(v) ***Section C** : Questions number **25** to **29** are Short Answer type-II questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **50** to **70** words.*

(vi) ***Section D** : Questions number **30** to **34** are Long Answer type questions. Each question carries **5** marks. Write answer to each question in **120** to **150** words.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **Section B, C** and **D** of question paper. A candidate has to attempt only one of the alternatives in such questions.*

SECTION A

1. Identify which of the following is an element of business opportunity : *1*

(A) Assured Market Scope

(B) Creativity and Ideas

(C) Product and Innovation

(D) Business Project

2. The component of a financial plan which relates to how an enterprise's funds are invested in different assets so that the enterprise is able to earn the highest possible return on investment is called a : *1*

(A) Proforma Financing Decision

(B) Proforma Cash Flow

(C) Proforma Investment Decision

(D) Proforma Income Statement

• • •

3. निजी तौर पर शेयर आवंटन का अर्थ है : *1*

(A) विद्यमान अंशधारकों से अतिरिक्त वित्त एकत्रित करना।

(B) किसी कम्पनी द्वारा परिष्कृत निवेशकों को सीमित संख्या में प्रतिभूतियों की प्रत्यक्ष बिक्री।

(C) जनता से प्रत्यक्ष रूप से पूँजी एकत्रित करना।

(D) कर्मचारियों को अंश प्रस्तावित करना ताकि वे अंशधारक बनने और कम्पनी के लाभों में हिस्सेदारी करने में सक्षम हों।

4. वरद ने वासिक से नाभिक के लिए एक उड़ान बुक की। हवाई अड्डे पर पहुँचने के बाद उसे सूचित किया गया कि प्रचालन कारणों से उड़ान रद्द कर दी गई थी। यद्यपि एयरलाइन ने 10 घंटों के बाद उसे अन्य उड़ान का प्रस्ताव दिया, लेकिन वरद संतुष्ट नहीं था, क्योंकि वह एक बहुत महत्त्वपूर्ण बैठक में शामिल नहीं हो पाएगा। उसने विमानन नियमों के अनुसार एयरलाइन से धन वापसी और मुआवज़े की माँग की।

वह वृहत्-पर्यावरणीय कारक जिसके अन्तर्गत वरद ने अपनी रद्द उड़ान के लिए धन वापसी एवं मुआवज़े की माँग की, वह है : *1*

(A) आर्थिक (B) विधिक

(C) प्रौद्योगिकी (D) पारिस्थितिकी

5. एक सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी में सदस्यों की न्यूनतम संख्या _____ होनी चाहिए। *1*

(A) दो (B) सात

(C) बीस (D) पचास

6. नीचे अभिकथन (A) तथा कारण (R) के रूप में दो कथन दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

अभिकथन (A) : अधिग्रहण अधिकांशत: एक कम्पनी की विकास रणनीति के एक भाग के रूप में किए जाते हैं।

कारण (R) : अपनी स्वयं की फर्म का विस्तार करने की तुलना में मौजूदा फर्म के संचालन और स्थिति को संभालने के लिए यह अधिक फायदेमंद है।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(B) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

(C) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों असत्य हैं।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

• • •

3. Private placement of shares means : *1*

(A) raising additional finance from existing shareholders.

(B) direct sale of securities by a company to a limited number of sophisticated investors.

(C) raising capital directly from the public.

(D) offering shares to employees to enable them to become shareholders and share the profits of the company.

4. Varad booked a flight from Vasik to Nabhik. Upon reaching the airport, he was informed that the flight had been cancelled due to operational reasons. Although the airline offered him another flight after 10 hours, Varad was not satisfied, as he would miss a very important meeting. He demanded a refund and compensation from the airline as per aviation regulations.

The macro-environmental factor under which Varad demanded refund and compensation for his cancelled flight is : *1*

(A) Economic (B) Legal

(C) Technological (D) Ecological

5. The minimum number of members in a public limited company should be _____. *1*

(A) two (B) seven

(C) twenty (D) fifty

6. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read both the statements carefully and choose the correct option : *1*

Assertion (A) : Acquisitions are often made as a part of a company's growth strategy.

Reason (R) : It is more beneficial to take over an existing firm's operations and niche compared to expanding on one's own.

Options :

(A) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(B) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are false.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

• • •

7. निम्नलिखित में से कौन-सा समस्या पहचान का उद्देश्य ***नहीं*** है ? *1*

(A) समस्या का स्पष्टता से उल्लेख करना।

(B) समस्या का सामना करने वाले लक्षित समूह की पहचान करना।

(C) समस्या के समाधान की बाज़ार स्वीकृति का पता लगाना।

(D) सृजनात्मक होना।

8. करण ट्राइड फूड्स नाम की एक कम्पनी चलाता है। वह बिस्कुट, मसाले, खाने के लिए तैयार भोजन तथा फलों के जूस इत्यादि ब्राण्ड नाम 'ट्राइड' के अन्तर्गत बेचता है।
ब्राण्ड नाम को चुनने के लिए करण द्वारा अपनाई गई नीति को पहचानिए : *1*

(A) व्यक्तिगत ब्राण्ड नाम

(B) परिवार ब्राण्ड नाम

(C) निगमित नाम

(D) एल्फान्यूमेरिक नाम

9. निवेश पर प्रत्याय (ROI) की गणना की जाती है : *1*

(A) $\dfrac{\text{शुद्ध आय} \times 100}{\text{समता}}$

(B) $\dfrac{\text{शुद्ध आय} \times 100}{\text{ऋण}}$

(C) $\dfrac{\text{शुद्ध लाभ}}{\text{कुल विनियोजित पूँजी}} \times 100$

(D) $\dfrac{\text{समता}}{\text{शुद्ध आय}} \times 100$

• • •

7. Which of the following is ***not*** an objective of problem identification ? *1*

(A) To state the problem clearly.

(B) To identify the target group facing the problem.

(C) To find the market acceptability of the solution to the problem.

(D) To be creative.

8. Karan runs a company called Tride Foods. He sells biscuits, spices, ready-to-eat meals and fruit juices under the brand name 'Tride'.
Identify the policy adopted by Karan in choosing a brand name. *1*

(A) Individual brand name

(B) Family brand name

(C) Corporate name

(D) Alphanumeric name

9. Return on Investment (ROI) is calculated as : *1*

(A) $\frac{\text{Net Income} \times 100}{\text{Equity}}$

(B) $\frac{\text{Net Income} \times 100}{\text{Debt}}$

(C) $\frac{\text{Net Profit}}{\text{Total Capital Invested}} \times 100$

(D) $\frac{\text{Equity}}{\text{Net Income}} \times 100$

• • •

10. दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए : *1*

पहचानिए कि कम्पनी द्वारा अपने उत्पादों के संवर्धन के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया गया है :

(A) विक्रय संवर्धन (B) व्यक्तिगत विक्रय

(C) जन संपर्क (D) विज्ञापन

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***10*** *के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से कौन-सी उपभोक्ता संवर्धन गतिविधि ***नहीं*** है ? *1*

(A) सेमिनार तथा कार्यशालाएँ

(B) वफादारी इनाम कार्यक्रम

(C) क्रय बिन्दु पर प्रदर्शनी सामग्री

(D) पैकेट पर छपा प्रस्ताव

11. श्याम तथा मधुर एक फर्म में साझेदार हैं जो बड़े स्तर पर मिठाइयाँ बनाती है और बेचती है। मधुर ने मिठाई तैयार करने के लिए 2000 किलोग्राम चीनी का क्रय किया। बाद में यह पता चला कि चीनी मिलावटी थी। श्याम ने आपूर्तिकर्ता को यह कहते हुए भुगतान करने से मना कर दिया कि मधुर ने चीनी उसकी मंजूरी के बिना खरीदी थी। निम्नलिखित में से साझेदारी की कौन-सी विशेषता श्याम को फर्म की ओर से मधुर द्वारा किए गए कार्यों के लिए बाध्य करेगी ? *1*

(A) समझौता (B) असीमित देयता

(C) पारस्परिक एजेंसी (D) परम सद्भावना

12. सकल कार्यशील पूँजी, व्यवसाय की सभी _____ का योग है। *1*

(A) परिसंपत्तियों (B) देयताओं

(C) चालू परिसंपत्तियों (D) स्थायी परिसंपत्तियों

• • •

10. Refer to the given image carefully : *1*

Identify which of the following is used by the company to promote their products in the picture given above :

(A) Sales Promotion (B) Personal Selling

(C) Public Relations (D) Advertising

Note : *The following question is in lieu of Question No.* ***10*** *for* ***Visually Impaired Candidates*** *only.*

Which of the following is ***not*** a consumer promotion activity ? *1*

(A) Seminars and workshops

(B) Loyalty reward programmes

(C) Point of Purchase display material

(D) On-pack offers

11. Shyam and Madhur are partners in a firm that prepares and sells sweets on a large scale. Madhur purchased 2000 kg of sugar for the preparation of sweets. It was later discovered that the sugar was adulterated. Shyam refused to make the payment to the supplier, stating that Madhur purchased the sugar without his approval. Which of the following characteristics of partnership will bind Shyam for the acts of Madhur done on behalf of the firm ? *1*

(A) Agreement (B) Unlimited Liability

(C) Mutual Agency (D) Utmost Good Faith

12. Gross working capital is the total of all _____ of the business. *1*

(A) assets (B) liabilities

(C) current assets (D) fixed assets

• • •

13. कॉलम I में दिए गए फ्रैंचाइज़ी समझौते के मुख्य घटकों का कॉलम II में दिए गए उनके अर्थों से मिलान कीजिए : *1*

	कॉलम I		*कॉलम II*
a.	अनुबंध वर्णन	i.	यह समझौते में उल्लिखित वह प्रावधान है, जिसमें उन रख-रखाव कार्यों और उन्नयन (अपग्रेड) के प्रकार और समय सीमा का विवरण होता है जिन्हें फ्रैंचाइज़ी के स्थान पर किया जाना अनिवार्य होता है।
b.	प्रचालन पुस्तिका	ii.	यह समझौते का वह भाग है, जो यह रेखांकित करता है कि फ्रैंचाइज़ी के नाम का उपयोग कैसे किया जाना है, साथ ही विपणन और विज्ञापन की उन प्रक्रियाओं का भी, जिनका पालन करना फ्रैंचाइज़ी के लिए अनिवार्य होगा।
c.	स्वामित्व कथन	iii.	यह समझौते का वह भाग है, जो उन दिशा-निर्देशों का विवरण देता है जिनका पालन फ्रैंचाइज़ी को व्यवसाय चलाने के दौरान कानूनी रूप से करना अनिवार्य है, जैसा कि फ्रैंचाइज़र द्वारा निर्धारित किया गया है।
d.	साइट का निरंतर चलने वाला रख-रखाव	iv.	यह उस समझौते का भाग है, जो फ्रैंचाइज़ी और फ्रैंचाइज़र के बीच स्थापित होने वाले संबंधों के प्रकार की रूपरेखा बताता है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

14. 'यह उत्पाद के विषय में उसके डिब्बे पर, पैकेज़िंग पर या स्वयं उत्पाद पर सूचना का प्रर्दशन है।' अवधारणा की पहचान कीजिए। *1*

(A) लेबलिंग (B) एकस्व

(C) कॉपीराइट (D) ट्रेडमार्क

15. निम्नलिखित में से वित्तीय योजना के एक घटक, 'नमूना निवेश निर्णय' में किसे सम्मिलित ***नहीं*** किया जाता है ? *1*

(A) भूमि तथा भवन (B) संयंत्र एवं मशीनरी

(C) बाहरी व्यक्तियों के कोष (D) स्थापना लागत

• • •

13. Match the main ingredients of a franchise agreement given in Column I with their meanings given is Column II : *1*

	Column I		*Column II*
a.	Contract Explanation	i.	It is the item outlined in the agreement that includes the types and time frames regarding various maintenance items and upgrades that must be made to the franchisee's location.
b.	Operations Manual	ii.	It is the part of the agreement that outlines how the franchise name is to be used, as well as the marketing and advertising procedures that the franchisee will be required to follow.
c.	Proprietary Statements	iii.	It is the section of the agreement that details the guidelines the franchisee must legally follow in operating the business, as outlined by the franchisor.
d.	Ongoing site Maintenance	iv.	It is the part of the agreement that outlines the type of relationship a franchisee is entering into with the franchisor.

Choose the correct option from the following :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

(C) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

(D) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

14. 'It is the display of information about a product on its container, packaging, or the product itself.' Identify the concept. *1*

(A) Labelling (B) Patent

(C) Copyright (D) Trade mark

15. Which of the following, is ***not*** included in 'Proforma Investment Decision' as a component of financial plan ? *1*

(A) Land and Building (B) Plant and Machinery

(C) Outsider's Funds (D) Installation Cost

• • •

16. पहचानिए कि निम्नलिखित में से कौन-सी ऐंजल निवेशकर्ताओं की विशेषता नहीं है : *1*

(A) ये वर्तमान या सेवानिवृत्त अधिकारी, व्यवसाय स्वामी या उच्च-शुद्ध-संपत्ति वाले व्यक्ति होते हैं जिनके पास ज्ञान, विशेषज्ञता और कोष हैं और जो स्टार्ट-अप को उद्योग मानकों के अनुरूप मिलान करने में मदद करते हैं।

(B) मूल्य सृजन द्वारा तथा निवेशकों को निवेश पर उच्च आय प्राप्त करने में सहायता करके अच्छी कंपनियों का सृजन करना इनका उद्देश्य है।

(C) इनमें से ज्यादातर आरंभिक दिनों में स्टार्ट-अप को सक्रिय सलाह तथा मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

(D) वे आमतौर पर 3 – 7 वर्षों की समय-सीमा में उद्यम को 'छोड़ने' की सोचते हैं।

17. यदि क्रय करने अथवा निर्माण अवधि की समय-सीमा तीन महीने है तथा इस अवधि के दौरान अनुमानित माँग 250 इकाई प्रति माह है, तो पुन:आदेश (reorder) स्तर होगा : *1*

(A) 750 इकाई

(B) 500 इकाई

(C) 250 इकाई

(D) 1000 इकाई

18. रोहित ने, जो एक युवा उद्यमी है, एक प्रारंभिक-चरण के स्टार्ट-अप की स्थापना की और ऊर्जा-बचाने वाले एक स्मार्ट उपकरण को विकसित किया, जिसमें बिजली के बिल को 50% तक कम करने की क्षमता थी। प्रारंभ में उसने कुछ कोष अपने मित्रों एवं परिवार से एकत्रित किए, लेकिन उद्योग स्तर के अनुरूप उत्पादन आरंभ करने के लिए यह पर्याप्त नहीं था। इस स्तर पर, रोहित ने बरुआ से संपर्क किया, जो एक सुस्थापित ऊर्जा बचाने के उपकरण बनाने वाली कंपनी से सेवानिवृत्त व्यक्ति था, जिसके पास इस क्षेत्र का ज्ञान और विशेषज्ञता थी। बरुआ एक उच्च-निवल संपत्ति वाला व्यक्ति था, जिसके पास रोहित के स्टार्ट-अप में निवेश करने के लिए पर्याप्त कोष था। बदले में, बरुआ ने 20% समता स्वामित्व का अधिग्रहण किया तथा रोहित का मार्गदर्शन करने के लिए सहमत हुआ।

बरुआ द्वारा रोहित के स्टार्ट-अप में किया गया निवेश किस प्रकार के वित्तीयन का प्रतिनिधित्व करता है ? *1*

(A) ऐंजल निवेश

(B) उपक्रम पूँजी

(C) निजी तौर पर आबंटन

(D) कर्मचारियों को प्रस्ताव

• • •

16. Identify which of the following is not a feature of Angel Investors : *1*

(A) These are current or retired executives, business owners or high-net-worth individuals who have the knowledge, expertise and funds that help start-ups match industry standards.

(B) Their objective is to create great companies by providing value creation and helping investors realize high return on investment.

(C) Most of them provide proactive advice and guidance to start-ups in their early days.

(D) They look for an 'exit' in the time frame of typically 3 – 7 years.

17. If procurement or manufacturing lead time is three months and the demand during this period is expected to be 250 units per month, then the reorder level will be : *1*

(A) 750 units

(B) 500 units

(C) 250 units

(D) 1000 units

18. Rohit, a young entrepreneur established an early-stage start-up and developed a smart home energy-saving device that has the potential to reduce the electricity bill by 50%. In the beginning, he arranged some funds from friends and family, but it was not enough to start production to match industry standards. At this stage, Rohit contacted Barua, a retired person from a well-established energy-saving device manufacturing company, who had knowledge and expertise in this field. Barua was a high-net-worth individual with enough funds to invest in Rohit's start-up. In exchange, Barua acquired 20% ownership equity and agreed to guide Rohit.

The investment made by Barua in Rohit's start-up represents which type of financing ? *1*

(A) Angel Investment

(B) Venture Capital

(C) Private Placement

(D) Offer to Employees

• • •

खण्ड ख

19. पुलिन लिमिटेड एक औषधि निर्माण कम्पनी है। कम्पनी ने देखा कि डॉक्टरों के लिए पारंपरिक तरीकों जैसे सिरिंज का उपयोग करके रोगियों को नियमित रूप से दी जाने वाली दवा की मात्रा की निगरानी करना कठिन कार्य था। अत: कम्पनी ने एक नई प्रक्रिया विकसित की है, जिसमें रोगियों में आवश्यक दवा को प्रत्यारोपित किया जाता है, जिससे नियंत्रित और आवश्यक मात्रा रक्तप्रवाह में निरंतर जारी रहती है। *2*

(i) कम्पनी द्वारा उपयोग किए गए विचार क्षेत्र की पहचान कीजिए।

(ii) ऐसे किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख कीजिए, जिनसे इस प्रकार के विचारों को उत्पन्न किया जा सकता है।

20. (क) 'विचार अंकुरण' का क्या अर्थ है ? *2*

अथवा

(ख) नवप्रवर्तन प्रक्रिया के घटकों के रूप में 'विश्लेषणात्मक नियोजन' तथा 'संसाधन संगठन' का उल्लेख कीजिए। *2*

21. मॉडर्न क्राफ्ट्स लिमिटेड की विद्यमान अंश पूँजी ₹ 80 लाख थी। नई मशीनों को जोड़कर यह अपनी उत्पादन क्षमता प्रति दिन 100 इकाइयों से बढ़ाकर 200 इकाइयाँ करना चाहती है। इसके लिए इसने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों को ₹ 5 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए जनता से आवेदन आमंत्रित किए।

कम्पनी द्वारा उपयोग में लाए गए विस्तार के प्रकार को पहचानिए एवं समझाइए। *2*

22. एक वितरण माध्यम में तीन प्रकार के प्रवाह सम्मिलित हैं। इनमें से एक वस्तु का प्रवाह नीचे की ओर है। दो अन्य प्रकार के प्रवाहों का उल्लेख कीजिए। *2*

23. (क) एक स्टेशनरी दुकान द्वारा एक रविवार को की गई बिक्री के निम्नलिखित विवरण से प्रति ग्राहक इकाई मूल्य की गणना कीजिए : *2*

ग्राहकों की संख्या	*प्रति ग्राहक बिल की गई राशि (₹)*
10	200
15	150
20	300
4	900
6	400
16	100
20	250
9	120

अथवा

• • •

SECTION B

19. Pulin Ltd. is a pharmaceutical company. The company observed that the doctors find monitoring the dosage of medicines to be administered to the patients on a regular basis using traditional methods like using a syringe cumbersome. So, it developed a new process of implanting the required medicine in the patients for constant discharge of regulated and required dosage into the bloodstream. *2*

(i) Identify the type of idea field used by the company.

(ii) State any two ways in which such type of ideas can be generated.

20. (a) What is meant by 'Idea Germination' ? *2*

OR

(b) State 'Analytical Planning' and 'Resource Organisation' as elements of innovation process. *2*

21. Modern Crafts Ltd. had an existing share capital of ₹ 80 lakhs. It wants to increase its production capacity from 100 units per day to 200 units by adding more machines. For this, it invited applications from the public for issuing 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 5 per share.

Identify and explain the type of expansion used by the company. *2*

22. A channel of distribution consists of three types of flows. One of them is downward flow of goods. State the other two types of flows. *2*

23. (a) From the following details about the sales made by a stationery shop on a Sunday, calculate the unit price per customer : *2*

Number of Customers	*Per customer Billed Amount (₹)*
10	200
15	150
20	300
4	900
6	400
16	100
20	250
9	120

OR

• • •

(ख) एक बने बनाए वस्त्रों का विक्रेता दो प्रकार की कमीजें 'प्रीमियम' तथा 'लग्ज़री' 7 : 3 के अनुपात में बेचता है। निम्नलिखित सूचना के आधार पर प्रति इकाई भारित औसत योगदान मार्जिन की गणना कीजिए। *2*

विवरण	प्रीमियम कमीजें	लग्ज़री कमीजें
विक्रय मूल्य प्रति इकाई (₹)	600	800
परिवर्तनशील लागत प्रति इकाई (₹)	400	600

24. (क) नीचे दिए गए चित्रों को देखिए :

(A)



(B)



(i) चित्र (A) तथा (B) में, दो रोकड़ परिवर्तन चक्र दिखाए गए हैं। प्रत्येक चित्र के लिए व्यवसाय के प्रकार को पहचानिए।

(ii) रोकड़ परिवर्तन चक्र का क्या अर्थ है, उल्लेख कीजिए। *2*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***24 (क)*** *के स्थान पर है।*

कार्यशील पूँजी की आवश्यकता क्यों होती है, उल्लेख कीजिए। *2*

अथवा

(ख) एक उद्यमी को सम-विच्छेद विश्लेषण किस प्रकार सहायता करता है, किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए। *2*

• • •

(b) A readymade garment seller sells two types of shirts – 'Premium' and 'Luxury' – in the ratio of 7 : 3. From the following information, calculate weighted average contribution margin per unit. *2*

Particulars	Premium Shirts	Luxury Shirts
Sale Price per unit (₹)	600	800
Variable Cost per unit (₹)	400	600

24. (a) Refer to the figures given below :

(A)



(B)



(i) Two cash conversion cycles are shown in Figures (A) and (B). Identify the type of business for each figure.

(ii) State what is meant by Cash Conversion Cycle. *2*

Note : *The following question is in lieu of Question No.* ***24 (a)*** *for* ***Visually Impaired Candidates*** *only.*

State why working capital is required. *2*

OR

(b) State any two points on how Break-even Analysis is helpful for an entrepreneur. *2*

• • •

खण्ड ग

25. (क) 'किसी उत्पाद अथवा सेवा का चुनाव बहुत से तत्त्वों पर निर्भर करता है।' बाज़ार का आकलन करते समय एक उद्यमी को इन तत्त्वों पर आधारित विवरण तैयार करने होते हैं। ऐसे किन्हीं तीन तत्त्वों को समझाइए। *3*

अथवा

(ख) 'यह आवश्यक नहीं हैं कि सभी विचार एक ठोस व्यावसायिक अवसर बन जाएँ। इसे अवसर की संभावना/क्षमता के आधार पर आँकना होगा।' इस प्रकार की जाँच-पड़ताल में विभिन्न चरण सम्मिलित होते हैं। निम्नलिखित तीन चरणों को समझाइए :

(i) उत्पाद की पहचान

(ii) अनुप्रयोग एवं उपयोग

(iii) संचालन का स्तर *3*

26. फिमिको एयरलाइन्स कुछ नए देशों में अंतरराष्ट्रीय उड़ान आरम्भ करके अपने प्रचालनों का विस्तार करने की योजना बना रही थी। लेकिन उन बहुत से देशों में जहाँ फिमिको प्रचालन आरम्भ करना चाहती थी, सरकार के सख़्त विदेशी व्यापार नियमन तथा विमान उतारने के अधिकारों से संबंधित मुद्दे थे। साथ ही तेल के तेज़ी से बढ़ते हुए मूल्यों के कारण प्रचालन लागत बढ़ रही थीं तथा बढ़ती हुई मँहगाई तथा उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता में गिरावट के कारण हवाई यात्रा की माँग कम हो रही थी। परिणामस्वरूप, फिमिको एयरलाइन्स ने अपनी विस्तार योजना को स्थगित करने का निर्णय लिया।

ऐसे दो वृहद-पर्यावरणीय तत्त्वों को समझाइए जिनके कारण फिमिको एयरलाइन्स को अपनी विस्तार योजनाओं को स्थगित करना पड़ा। *3*

27. (क) एक साझेदारी फर्म की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए :

(i) असीमित देयता

(ii) निरंतरता

(iii) परम सद्भावना *3*

अथवा

(ख) एक संयुक्त पूँजी कंपनी की निम्नलिखित विशेषताओं को समझाइए :

(i) पृथक विधिक इकाई

(ii) स्वैच्छिक संस्था

(iii) कृत्रिम व्यक्ति *3*

• • •

SECTION C

25. (a) 'Selection of a product or service will depend upon many factors.' While assessing the market, an entrepreneur has to prepare details based on these factors. Explain any three such factors. *3*

OR

(b) 'All ideas need not necessarily become sound business opportunities. One has to assess it in terms of potentiality of the opportunity.' Various steps are involved in this type of investigation. Explain the following three steps :

(i) Product identification

(ii) Application and use

(iii) Level of operation *3*

26. Fimiko Airlines planned to expand its operations by starting international flights to some new countries. However, in many of these countries where Fimiko wanted to operate, the government had strict foreign trade regulations and issues related to landing rights. In addition, a sharp rise in fuel prices increased the operating costs and a fall in consumer spending, due to rising inflation, reduced the demand for air travel. As a result, Fimiko Airlines decided to postpone its expansion plans.

Identify and explain two macro-environmental factors because of which Fimiko Airlines had to postpone its expansion plans. *3*

27. (a) Explain the following characteristics of a partnership firm :

(i) Unlimited Liability

(ii) Continuity

(iii) Utmost Good Faith *3*

OR

(b) Explain the following characteristics of a joint-stock company :

(i) Separate Legal Entity

(ii) Voluntary Association

(iii) Artificial Person *3*

• • •

28. उस व्यापक मद के घटकों का उल्लेख कीजिए, जिसका उपयोग एक नाम, मद, चिह्न, संकेत, डिज़ाइन तथा इनके संयोजन के रूप में एक फर्म के उत्पादों को पहचानने और अपने प्रतिस्पर्धियों से इन्हें भिन्नता प्रदान करने के लिए किया जाता है। *3*

29. 'प्योर ड्रिंक्स इंडिया लिमिटेड' एक स्टार्ट-अप है, जिसने प्रोटीन और फाइबर से भरपूर पेय पदार्थ बाज़ार में उतारे हैं। यह अनुमान लगाते हुए कि उपभोक्ता कम कीमत के कारण नए ब्राण्ड को अपनाएँगे कम्पनी ने अपने पेय पदार्थों के लिए कम कीमत निश्चित की है। कम्पनी ने इस कीमत निर्धारण नीति को अल्पकाल में लाभ कमाने के बजाय बाजार में हिस्सेदारी या बिक्री की मात्रा बढ़ाने के विपणन उद्देश्य के साथ अपनाया है।

(i) 'प्योर ड्रिंक्स इंडिया लिमिटेड' द्वारा अपनाई गई कीमत निर्धारण व्यूहरचना को पहचानिए।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचानी गई कीमत निर्धारण व्यूहरचना के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए। *3*

खण्ड घ

30. (क) एक व्यवसायिक योजना के महत्त्व के किन्हीं पाँच बिंदुओं को समझाइए। *5*

अथवा

(ख) 'पथ निर्धारण' के अतिरिक्त प्रचालन योजना के पाँच अन्य घटक होते हैं। इन्हें समझाइए। *5*

31. सुधा एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह सॉफ्टवेयर विकसित करने का स्वयं का व्यवसाय आरंभ करना चाहती है। उसकी इच्छा है कि व्यवसाय के सभी कार्यों जैसे क्या किया जाना है, कैसे किया जाना है तथा कब किया जाना है, का प्रबंधन एवं नियंत्रण वह स्वयं करें। वह जानती है कि इस प्रकार के व्यवसाय में गोपनीयता बहुत महत्त्वपूर्ण है। वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उसने ऋण लेने की योजना बनाई है।

(i) व्यवसाय संगठन के उस स्वरूप को पहचानिए जो उपर्युक्त स्थिति में सुधा के लिए उपयुक्त है।

(ii) उपर्युक्त (i) में पहचाने गए व्यवसाय संगठन के स्वरूप की किन्हीं चार विशेषताओं को समझाइए। *5*

• • •

28. Explain the components of the comprehensive term that is used to denote a name, term, sign, symbol, design, or combination of them, to identify the products of one firm and differentiate them from those of the competitors. *3*

29. 'Pure Drinks India Ltd.' is a start-up that has launched protein-rich and fibre-rich drinks in the market. The company has fixed a low price for its drinks, expecting that the customers will switch to the new brand because of lower price. The company has adopted this pricing policy with the marketing objective of increasing its market share or sales volume rather than to make profit in the short run.

(i) Identify the pricing strategy adopted by 'Pure Drinks India Ltd.'.

(ii) State any four advantages of the pricing strategy identified in (i) above. *3*

SECTION D

30. (a) Explain any five points of importance of a business plan. *5*

OR

(b) Besides 'routing', there are five other elements of an operational plan. Explain them. *5*

31. Sudha is a software engineer. She wants to start her own software development business. She wishes to manage and control all affairs of the business by herself, such as, what is to be done, how it is to be done and when it is to be done. She knows that secrecy is very important in this type of business. To meet the financial requirements, she plans to take loans.

(i) Identify the form of business organisation that is suitable for Sudha in the above situation.

(ii) Explain any four characteristics of the form of the business organisation identified in (i) above. *5*

• • •

32. किनरा लिमिटेड, उत्तरी भारत में कपड़ों का एक सुप्रसिद्ध ब्राण्ड, दक्षिण भारतीय बाज़ार में प्रवेश करना चाहता था। प्रबंधन जानता था कि यदि कम्पनी ने स्वयं इस बाज़ार में प्रवेश किया, तो पहले से ही स्थापित कम्पनियों के साथ उसे कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना और बाज़ार अंश को बढ़ाने के लिए कड़ा संघर्ष करना होगा।

इस कठिन प्रतिस्पर्धा से बचने तथा दक्षिण भारतीय बाज़ार में अधिक आसानी से प्रवेश करने के लिए, किनरा लिमिटेड ने उसी क्षेत्र में एक अन्य सुस्थापित कपड़ों के ब्राण्ड सुवर्ण लिमिटेड के साथ विलय करने का निर्णय लिया, जिसके अपने स्टोर्स, पूर्तिकर्ता तथा ग्राहक आधार था।

(i) किनार लिमिटेड के सुवर्ण लिमिटेड के साथ विलय के कारण को पहचानिए।

(ii) कोई अन्य चार कारणों को समझाइए कि आंतरिक विकास की अपेक्षाकृत कम्पनियाँ विलय के माध्यम से क्यों आगे बढ़ाना चाहती हैं। *5*

33. (क) एक स्टेशनरी दुकान प्रति वर्ष 5,000 कापी बेचती है। माँग एकसमान है। क्रय लागत ₹ 10 प्रति कापी है। वार्षिक धारण लागत क्रय लागत की 25% है और आदेश लागत ₹ 1,000 प्रति आदेश है।

दुकानदार के लिए आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए।

(ख) एक बेकरी प्रारंभ करने के लिए अमित ने अपने पैसे से ₹ 60,000 तथा 12% वार्षिक दर से ₹ 90,000 उधार लेकर निवेश किए। व्यवसाय का कुल निवेश ₹ 1,50,000 था। वर्ष के अंत में, व्यवसाय ने ₹ 36,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

समता पर प्रत्याय (ROE) की गणना कीजिए। *5*

34. (क) पूँजी एकत्रित करने की एक विधि के रूप में 'जनता को निर्गमन' का अर्थ दीजिए। इसके किन्हीं चार लाभों तथा चार कमियों का उल्लेख कीजिए। *5*

अथवा

(ख) 'उद्यमी आमतौर पर कम्पनी के विकास के विभिन्न चरणों में सहायता करने के लिए उद्यम (venture) पूँजी की तलाश कर सकते हैं।' 'प्रारंभिक चरण के वित्तपोषण' के भाग के रूप में 'बीज पूँजी वित्तपोषण' तथा 'पूर्व-आरंभ और आरंभ वित्तपोषण' को समझाइए। *5*

• • •

32. Kinra Ltd., a well known clothing brand in North India, wanted to enter the South Indian market. The management knew that if the company entered this market on its own, it would have to face stiff competition from already established companies and would have to struggle hard to gain market share.

To avoid this tough competition and to enter the South Indian market with greater ease, Kinra Ltd. decided to merge with Suvern Ltd., another clothing brand that was already well established in that region with its own stores, suppliers and customer base.

(i) Identify the reason for the merger of Kinra Ltd. with Suvern Ltd.

(ii) Explain any four other reasons why companies prefer to grow through mergers instead of expanding internally. *5*

33. (a) A stationery shop sells 5,000 notebooks per year. The demand is uniform. The purchase cost is ₹ 10 per notebook. The holding cost per annum is 25% of the purchase cost and the ordering cost is ₹ 1,000 per order.
Calculate the Economic Order Quantity for the shopkeeper.

(b) Amit invested ₹ 60,000 of his own money and borrowed ₹ 90,000 at 12% p.a. to start a bakery. The total investment in the business was ₹ 1,50,000. At the end of the year, the business earned a net profit of ₹ 36,000.
Calculate Return on Equity (ROE). *5*

34. (a) Give the meaning of 'Public Issue' as a method of raising capital. State any four of its advantages and four drawbacks. *5*

OR

(b) 'Entrepreneurs can typically seek venture capital to assist at various stages in the company's development.' Explain 'Seed Capital Financing' and 'Pre-startup and Startup Financing' as part of 'Early-stage Financing'. *5*